## अभ्यास पत्रक 2

# जहाँ पहिया है

प्रश्न-1 आपके विचार से लेखक ने इस पाठ का नाम जहाँ पहिया है? क्यों रखा होगा?

उत्तर – पहिया गति का प्रतीक है। लेखक ने इस पाठ का नाम 'जहाँ पहिया है' तमिलनाडु के पुडुकोट्टई गाँव के साइकिल आंदोलन के कारण ही रखा होगा। उस जिले की महिलाओं ने साइकिल चलाना शुरू किया, तब से उनकी परिस्थिति में सुधार आया तथा उनके विकास को गति मिली। लेखक ने लिखा भी है कि यह बात उस जिले की है 'जहाँ पहिया है'।

प्रश्न-2 अपने मन से इस पाठ का कोई दूसरा शीर्षक सुझाइए। अपने दिए हुए शीर्षक के पक्ष में तर्क दीजिए।

उत्तर – इस पाठ के लिए उपयुक्त नाम साइकिल आंदोलन भी हो सकता है। साइकिल आंदोलन इस पाठ की केंद्रीय घटना है तथा पूरे पाठ में आंदोलन की चर्चा है, इसलिए यह शीर्षक उपयुक्त है।

प्रश्न-3 साइकिल को विनम्र सवारी क्यों कहा गया है ?

उत्तर – साइकिल की गति नियंत्रित रहती है,तथा इसके रख -रखाव में अधिक मे खर्च अधिक नहीं होता है इसलिए साइकिल को विनम्र सवारी कहा गया है।